मैगलगंज ग्रामीण पाइप पेयजल योजना विकास खण्ड पसगवाँ

हस्तान्तरण नोट

मैगलगंज ग्रामीण पाइप पेयजल योजना (5000 से अधिक आबादी) वित्तीय वर्ष 2010-11 में स्वीकृत हुयी थी । जिसके सापेक्ष योजना मे प्राविधानित निम्नलिखित कार्य खण्ड द्वारा कराये गये हैं। जिसका विवरण निम्न तालिका मे दर्शाया गया है:-

क्र0सं0	कराये गये कार्य	टिप्पणी
1	नलकूप - 01 नग	
2	पम्पहाउस - 2 नग	
3	वितरण प्रणाली - 16041.00 मीटर	
4	राइजिंगमेन - 390.00 मीटर	
5	बाउण्ड्रीवाल (2 नग) - कुल 194.00 मीटर	
6	स्टाफ क्वार्टर - 2 नग का 1 सेट	
7	शिरोपरि जलाशय (800 कि0ली0 / 15.00 मी0 स्टेजिंग)	

वित्तीय वर्ष 2012-13 में लखनऊ-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित लगभग 4.56 कि.मी. पाइप लाइन सड़क के खुदान में उखड़कर क्षतिग्रस्त हो गई । जिस कारण से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित लगभग 15 नग स्टैण्ड पोस्टों से हो रही जलापूर्ति बन्द हो गयी है । उक्त के अतिरिक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की शाखाओं में भी जलापूर्ति भी बाधित हो गई है । मैगलगंज पाइप पेयजल योजना में राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के दौरान क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के स्थान पर नई पाइप लाइन डालने तथा मरम्मत कराये जाने का प्राक्कलन स्वीकृति एवं धनावंटन हेतु उच्चधिकारियों को प्रस्तुत किया गया है ।

वर्तमान में मैगलगंज ग्राम मे 11481.00 मीटर वितरण प्रणाली (संलग्न कम्पलीशन प्लान) द्वारा ग्रामीण जनसंख्या का अधिकतम भाग अच्छादित है । जिससे ग्रामीण वासियो को जलापूर्ति उपलब्ध कराई जा रही है । क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के सुधार हेतु प्रेषित प्राक्कलन की स्वीकृति एवं धनावंटन के उपरान्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सही कराया जायेगा । अतः आप से अनुरोध है कि कृपया योजना को हस्तगत करने का कष्ट करें ।

संलग्नक: 1 - कम्पलीशन प्लान ।
2 - लगाये गये 50 नग स्टैण्ड पोस्टों की सूची ।
3 - राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली में लगाये गये स्लूस वाल्व का विवरण ।

योजना हस्तांतरित

जूनियर इन्जीनियर
निर्माण खण्ड , उ0प्र0 जल निगम
लखीमपुर-खीरी

योजना हस्तगत

ग्राम प्रधान / ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रामसभा मैगलगंज , पसगवाँ, खीरी
प्रधान
ग्राम पंचायत मैगलगंज
पो0 ख0 पसगवां, लखीमपुर (खीरी)

26/11/2013